समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# विम्बलडन 2025: यानिक सिनर बना नया चैंपियन, ट्रॉफी के साथ जीते ₹34 करोड़ से ज्यादा।

Publisher

Published on 14 Jul 2025



**विम्बलडन 2025 फाइनल मे यांनिक सिनर ने अल्काराज को हराकर जीता पहला विम्बलडन खिताब, साथ ही ₹34 करोड़ की इनामी राशि भी की अपने नाम।**

**लंदन, 13 जुलाई 2025:** इटली के उभरते **टेनिस स्टार यानिक सिनर** ने रविवार को इतिहास रचते हुए अपने करियर का **पहला विम्बलडन खिताब** जीत लिया। उन्होंने फाइनल मुकाबले में **स्पेन के कार्लोस अल्काराज** को **4-6, 6-4, 6-4, 6-4** से हराया। इस जीत के साथ **सिनर** ने न सिर्फ **फ्रेंचं ओपन फाइनल 2025** में मिली हार का बदला लिया, बल्कि दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी को मात देकर खुद को नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया।

**ग्रैडं स्लैम जीतों की संख्या हुई चार**

**24 वर्षीय यानिक सिनर** के लिए यह जीत करियर का टर्निंग पॉइंट साबित हुई है। इस खिताब के साथ ही उनके नाम अब चार **ग्रैडं स्लैम** खिताब हो गए हैं:

१. **2 बार ऑस्ट्रेलियन ओपन**

२. **1 बार यूएस ओपन (2024)**

३. **1 बार विम्बलडन (2025)**

यानिक की लगातार शानदार परफॉर्मेंस ने उन्हें टेनिस की दुनिया में मजबूती से स्थापित कर दिया है।

**ट्रॉफी के साथ मिला करोड़ों का इनाम**

विजेता बनने के बाद यानिक सिनर को केवल चमचमाती ट्रॉफी ही नहीं, बल्कि **£3,000,000** (लगभग ₹34.77 करोड़ रुपये) की

भारी भरकम इनामी राशि भी मिली है। यह किसी भी खिलाड़ी के लिए एक बड़ा जॅकपॉट है।

### उपविजेता अल्काराज को भी मिली बड़ी रकम

हालांकि फाइनल में हार के बावजूद **कार्लोस अल्काराज** को भी **£1,520,000** (लगभग ₹17.61 करोड़ रुपये) की इनामी राशि मिली।

**22 वर्षीय अल्काराज** अब तक अपने **युवा करियर मे 5 ग्रैडं स्लैम** खिताब जीत चुके हैं:

१. **2 बार फ्रेचं ओपन**

२. **2 बार विम्बलडन**

३. **1 बार यूएस ओपन**

### युवा टेनिस का स्वर्ण युग

**विम्बलडन 2025** का यह फाइनल मुकाबला युवा टेनिस खिलाड़ियों के नए युग का प्रतीक बन गया। **यानिक सिनर** और **कार्लोस अल्काराज** जैसे खिलाड़ी टेनिस को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं और आने वाले समय में इनकी प्रतिस्पर्धा और भी रोमांचक होगी।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.